**SET-1**

**Series BVM/3**

कोड नं.
Code No. **2/3/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (केन्द्रिक)

# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं । प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड हैं – क, ख, ग ।*

*(ii)* *सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(iii)* *विद्यार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर क्रमश: लिखें ।*


QB365 - Question Bank Software

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *12*

भारतीय शास्त्रीय संगीत की यह एक विलक्षणता है कि एक राग जितनी बार प्रस्तुत होता है – उतनी बार नयापन उभरता है, इसका आकर्षण कभी नहीं चूकता । इसकी समकालीन गुणवत्ता सालों के फ़ासले में नहीं बदलती, यह समय के छोटे-छोटे हिस्से में भी घटित होती है । इसके बावजूद इसमें ऐसा भी तत्त्व है जो कभी नहीं बदलता । वह समय की गति को लाँघ जाता है, शाश्वतता और समकालीनता की यही संधि भारतीय कला विधाओं की निजी पहचान है । भारतीय शास्त्रीय संगीत का आधार तत्त्व लोकगीतों में निहित है । लोकगीतों की धुनों को शास्त्रीय संस्कार देकर अनेक राग बनाए गए हैं । भटियारी, पूरबी, जौनपुरी, सोरठा और मुलतानी जैसे अनेक राग बंगाल, बिहार, पंजाब और सौराष्ट्र के अंचलों में गाए जाने वाले लोकगीतों की धुनों से निर्मित हुए हैं । इतना ही नहीं, प्रकृति में व्याप्त स्वरों से भी रागों की निर्मितियाँ हुई हैं । कई समर्थ गायकों ने आंचलिक गीतों को शास्त्रीय पद्धति में ढालकर विशिष्ट गायकी द्वारा ख्याति अर्जित की है । लोकगीतों का सीधा संबंध प्रकृति से है । प्रकृति में अपना छंद है, लय है । स्वरों की संस्कार-प्रक्रिया तब तक पूरी नहीं होती जब तक प्रकृति के छंदों की अनुभूति से मिली समाहारकारी दृष्टि से राग की प्रकृति और उसे प्रसूत करने वाली प्रकृति के बीच का अंतर्संबंध तय नहीं कर लिया जाता ।

संगीत में जिस बिंदु पर लय और ताल एक-दूसरे से मिलते हैं उसे सम कहते हैं । लय है प्रकृति की विभिन्नता – सामयिकता और ताल है एकत्व – शाश्वतता । इन दोनों के मिलन से संस्कृति बनती है । संस्कृति न तो प्रकृति की यथास्थिति की स्वीकृति है, न विद्रोह । यह विभिन्नता में संस्कार द्वारा याचित एकत्व का नाम है । “प्राकृतिक शक्तियों का मनमाना संयोजन विकृति है और सामाजिक मंगल की दृष्टि से उनका संयोजन संस्कृति है ।”

(क) गद्यांश को पढ़कर उपयुक्त शीर्षक लिखिए । *1*

(ख) भारतीय शास्त्रीय संगीत की विलक्षणता क्या है ? *1*

(ग) रागों की निर्मितियाँ कैसे हुई हैं ? *2*

(घ) स्वरों की संस्कार-प्रक्रिया से लेखक का क्या तात्पर्य है ? *2*

(ङ) ‘सम’ क्या है और इसका संगीत में क्या महत्त्व है ? *2*

(च) भारतीय शास्त्रीय संगीत और प्रकृति के बीच का अंतर्संबंध क्या है ? *2*

(छ) संस्कृति कैसे बनती है ? समाज से इसका क्या संबंध है ? *2*


QB365 - Question Bank Software

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

यह किसी ने नहीं बताया है
कि बाढ़ और वर्षा की दया पर टिकी
छोटी जोत की खेती से कैसे गुज़ारा होता था पुरखों का
क्या स्त्रियों और बेटियों को मिल पाता था भर-पेट खाना ?
बचपन में बीमार रहने वाले मेरे पिता
बहुत पढ़-लिख भी नहीं पाए थे
वे तो जनम से ही चुप्पा थे
हर समय अपने सीने में
नफ़रत और प्रतिहिंसा की आग धधकाए रहते थे
और जो कभी भुभुका उठती थी
तो पूरा घर झुलस जाता था
उनकी पीड़ा थी कोशी की तरह प्रचंड वेगवती
जिसे भाषा में बाँधने की कभी कोशिश नहीं की उन्होंने ।

(क) खेती को बाढ़ और वर्षा पर टिकी क्यों कहा गया ?

(ख) कविता घर की महिलाओं और बेटियों को भर-पेट खाना मिलने न मिलने का क्या संकेत करती है ?

(ग) आपके विचार से पिता के मन में घृणा और प्रतिहिंसा होने का क्या कारण हो सकता है ?

(घ) भाव स्पष्ट कीजिए :
'जो कभी भुभुका उठती थी
तो पूरा घर झुलस जाता था ।'

**अथवा**

मेरे देश
तेरा चप्पा-चप्पा मेरा शरीर है
तेरा जल मेरा मन है
तेरी वायु मेरी आत्मा है
इन सबसे मिलकर ही
तू बनता है मेरे देश,
मैं और तू– दो तो नहीं हैं
शरीर, आत्मा, मन
एक ही प्राणी के
स्थूल या सूक्ष्म अंग हैं
मैं इन्हें बँटने नहीं दूँगा
मैं इन्हें लुटने नहीं दूँगा
मैं इन्हें मिटने नहीं दूँगा !

(क) 'मैं और तू– दो तो नहीं हैं' – किसे कहा गया है और क्यों ?

(ख) कवि ने देश से अपना तादात्म्य कैसे जोड़ा है ?

(ग) शरीर, आत्मा और मन का उल्लेख क्यों किया गया है ?

(घ) कवि क्या संकल्प व्यक्त करता है ?

**खण्ड ख**

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) स्वच्छता बने आदत

(ख) श्रम का महत्त्व

(ग) भारतीय नारी

(घ) वायु प्रदूषण की समस्या

**4.** 'सरोकार' नामक संस्था ने विज्ञापन दिया है कि वह ग्रीष्मावकाश में कुछ चुने हुए गाँवों में जाकर प्रौढ़ शिक्षा शिविर चलाना चाहती है । अपनी रुचि और योग्यता का उल्लेख करते हुए आवेदन-पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अपने शहर की मुख्य सड़क पर त्योहारों के समय लगने वाले जाम की समस्या के समाधान हेतु अनुरोध कीजिए और एक सुझाव भी दीजिए ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) पत्रकारिता में 'बीट' किसे कहते हैं ?

(ख) मुद्रित माध्यम की दो विशेषताएँ बताइए ।

(ग) संपादक के दो कार्य बताइए ।

(घ) 'स्टिंग' ऑपरेशन क्या है ?

(ङ) इंटरनेट पत्रकारिता क्या है ?

**6.** 'चौराहे पर सजता बाज़ार' विषय पर एक आलेख लिखिए । *3*

**अथवा**

हाल ही में पढ़े गए किसी कहानी-संग्रह की समीक्षा लिखिए ।

**7.** बारातों में होने वाले अपव्यय पर एक फ़ीचर तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

'मन की उमंग व्यक्त करते हैं त्योहार' – विषय पर एक फ़ीचर लिखिए ।

**खण्ड ग**

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे –
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है !
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है !
मुझसे मिलने को कौन विकल ?
मैं होऊँ किसके हित चंचल ?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है !
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है !

(क) चिड़ियों के परों में चंचलता कैसे भर जाती है ?

(ख) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है !' की आवृत्ति से कविता में क्या प्रभाव उत्पन्न हो रहा है ?

(ग) कवि के पद शिथिल और उर में विह्वलता क्यों है ?

**अथवा**

ज़िंदगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकारा है;
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है ।
गरबीली ग़रीबी यह, ये गंभीर अनुभव सब
यह विचार-वैभव सब
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब
मौलिक है, मौलिक है
इसलिए कि पल-पल में
जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है
संवेदन तुम्हारा है !!

(क) जीवन की प्रत्येक परिस्थिति को कवि क्यों सहर्ष स्वीकारता है ?

(ख) 'गरबीली ग़रीबी' से कवि का क्या आशय है ?

(ग) कवि के अनुसार नवीन और मौलिक क्या है और क्यों ?

**9.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×2=4*

तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ ।
मांगि के खैबो, मसीत को सोइबो, लेबोको एकु न दैबको दोऊ ।

(क) काव्यांश का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) भाषा प्रयोग की दो विशेषताएँ लिखिए ।

**अथवा**

खरगोश की आँखों जैसा लाल सबेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नई चमकीली साईकिल तेज़ चलाते हुए
घंटी बजाते हुए ज़ोर-ज़ोर से

(क) काव्यांश में आए बिंबों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) प्रकृति में आए परिवर्तनों की अभिव्यक्ति कैसे हुई है ?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×2=6*

(क) "कैमरे में बंद अपाहिज" कविता समाज की किस विडंबना को प्रस्तुत करती है ?

(ख) कवि ने खेत की तुलना काग़ज़ से क्यों की है ? 'छोटा मेरा खेत' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'उषा' कविता में कवि ने सुबह का वर्णन किन उपमानों से, कैसे किया है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(घ) 'पतंग' कविता के आधार पर भादो बीत जाने के बाद प्रकृति में आए परिवर्तनों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

QB365 - Question Bank Software

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लोभ का यह जीतना नहीं है कि जहाँ लोभ होता है, यानी मन में, वहाँ नकार हो ! यह तो लोभ की ही जीत है और आदमी की हार । आँख अपनी फोड़ डाली, तब लोभनीय के दर्शन से बचे तो क्या हुआ ? ऐसे क्या लोभ मिट जाएगा ? और कौन कहता है कि आँख फूटने पर रूप दीखना बंद हो जाएगा ? क्या आँख बंद करके ही हम सपने नहीं लेते हैं ? और वे सपने क्या चैन-भंग नहीं करते हैं ? इससे मन को बंद कर डालने की कोशिश तो अच्छी नहीं । वह अकारथ है यह तो हठवाला योग है । शायद हठ-ही-हठ है, योग नहीं है । इससे मन कृश भले हो जाए और पीला और अशक्त जैसे विद्वान् का ज्ञान । वह मुक्त ऐसे नहीं होता । इससे वह व्यापक की जगह संकीर्ण और विराट की जगह क्षुद्र होता है । इसलिए उसका रोम-रोम मूँदकर बंद तो मन को नहीं करना चाहिए । वह मन पूर्ण कब है ? हम में पूर्णता होती तो परमात्मा से अभिन्न हम महाशून्य ही न होते ? अपूर्ण हैं, इसी से हम हैं । सच्चा ज्ञान सदा इसी अपूर्णता के बोध को हम में गहरा करता है ।

(क) आँख फोड़ने का उदाहरण किस संदर्भ में और क्यों दिया गया है ?

(ख) 'लोभ को नकारना लोभ की ही जीत है' कैसे ?

(ग) हठ द्वारा मन को मुक्त करने का क्या परिणाम होता है ?

**अथवा**

उनकी फ़िल्में भावनाओं पर टिकी हुई हैं, बुद्धि पर नहीं । 'मेट्रोपोलिस', 'दी कैबिनेट ऑफ़ डॉक्टर कैलिगारी', 'द रोवंथ सील', 'लास्ट इयर इन मारिएनबाड', 'द सैक्रिफाइस' जैसी फ़िल्में दर्शक से एक उच्चतर अहसास की माँग करती हैं । चैप्लिन का चमत्कार यही है कि उनकी फ़िल्मों को पागलखाने के मरीज़ों, विकल मस्तिष्क लोगों से लेकर आइंस्टाइन जैसे महान प्रतिभा वाले व्यक्ति तक कहीं एक स्तर पर और कहीं सूक्ष्मतम रसास्वादन के साथ देख सकते हैं । चैप्लिन ने न सिर्फ़ फ़िल्म कला को लोकतांत्रिक बनाया बल्कि दर्शकों की वर्ग-व्यवस्था को तोड़ा । यह अकारण नहीं है कि जो भी व्यक्ति, समूह या तंत्र ग़ैर बराबरी नहीं मिटाना चाहता वह अन्य संस्थाओं के अलावा चैप्लिन की फ़िल्मों पर भी हमला करता है । चैप्लिन भीड़ का वह बच्चा है जो इशारे से बतला देता है कि राजा भी उतना ही नंगा है जितना मैं हूँ और भीड़ हँस देती है । कोई भी शासक या तंत्र जनता का अपने ऊपर हँसना पसंद नहीं करता ।

(क) चार्ली चैप्लिन कौन था ? उसका चमत्कार क्या है ?

(ख) 'कला को लोकतांत्रिक बनाया' से लेखक का क्या आशय है ?

(ग) चैप्लिन की फ़िल्मों पर हमले क्यों होते रहे हैं ?



QB365 - Question Bank Software

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) लेखक ने शिरीष को अवधूत की तरह क्यों माना है ? *3*

(ख) पहलवान की ढोलक का गाँव वालों पर क्या प्रभाव होता था ? *3*

(ग) डॉ. आम्बेडकर जाति-प्रथा को श्रम-विभाजन का ही एक रूप क्यों नहीं मानते थे ? *3*

(घ) साफिया के भाई ने नमक ले जाने के प्रस्ताव पर उन्हें मना क्यों कर दिया ? *1*

**13.** यशोधर बाबू अपने जीवन के आस-पास हो रहे परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने में क्या कठिनाई महसूस कर रहे थे और क्यों ? *4*

**अथवा**

सिन्धु-सभ्यता हमारी परंपरा का एक महत्त्वपूर्ण अंश है जहाँ अपनाई गई व्यवस्था और तकनीक की अनेकों विशेषताएँ आज भी उपयोगी हैं – उदाहरण सहित टिप्पणी कीजिए ।

**14.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लिखिए : *4×2=8*

(क) ‘ ‘जूझ’ लेख ग्रामीण समाज की प्रतिकूल परिस्थितियों में लेखक के जीवन संघर्ष को उजागर करता है’, उदाहरण सहित टिप्पणी कीजिए ।

(ख) ‘डायरी के पन्ने’ पाठ में ऐन फ्रेंक ने नारी स्वतंत्रता के किन मुद्दों को उठाया है ? वर्तमान समय में उन मुद्दों के सन्दर्भ में क्या सुधार दिखाई देते हैं ?

(ग) यशोधर बाबू अतीत के मूल्यों से चिपके रहना चाहते हैं किन्तु अन्य परिवारजन उन्हें आगे ले आने के लिए उत्सुक हैं । इस द्वंद्व पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(घ) ‘अतीत में दबे पाँव’ पाठ में मुअनजो-दड़ो के अजायबघर का जो वर्णन लेखक ने किया है उसे अपने शब्दों में लिखिए ।

**सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा**
**परीक्षा – मार्च, 2019**
**अंक योजना हिन्दी 'केन्द्रिक'**
**कक्षा – XII**

**कूटबंध 2/3/1**
**2/3/2**
**2/3/3**

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | **खंड – क** | |
| 1. | 1. | 1. | 1. | **अपठित गद्यांश** | |
| | क | क | क | • संगीत और संस्कृति<br>• भारतीय शास्त्रीय संगीत<br>(अन्य समुचित शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| | ख | ख | ख | • हर प्रस्तुति में नवीनता | 1 |
| | ग | ग | ग | • लोकगीतों को शास्त्रीय संस्कार देकर<br>• आंचलिक लोकगीतों का समन्वय करके<br>• प्रकृति में व्याप्त स्वरों को सम्मिलित करके<br>(कोई दो बिंदु स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | घ | घ | घ | • आंचलिक गीतों को शास्त्रीय संगीत से जोड़ कर<br>• राग और प्रकृति का संबंध स्थापित करके | 1+1=2 |
| | ङ | ङ | ङ | • संगीत का उच्चतम बिंदु, जहाँ लय और ताल मिलते हैं; | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | • श्रोता को आनंद की प्राप्ति | 1+1=2 |
| | च | च | च | • प्रकृति में व्याप्त स्वरों को संगीत में सम्मिलित करना<br>• प्रकृति के आधार पर संगीत का निर्माण | 1+1=2 |
| | छ | छ | छ | • प्रकृति की विभिन्नता, सामयिकता और शाश्वतता के मिलन से;<br>• प्राकृतिक शक्तियों का सामाजिक मंगल के लिए प्रयोग | 1+1=2 |
| 2. | 2. | 2. | 2. | **अपठित काव्यांश** | |
| | क | क | क | • पानी बरसने पर खेती लहराएगी<br>• बाढ़ न आने पर खेती सुरक्षित रहेगी | 1 |
| | ख | ख | ख | • घर की महिलाओं द्वारा परिवार एवं अतिथियों के पश्चात् स्वयं भोजन करने की परंपरा | 1 |
| | ग | ग | ग | • बीमारी और अपनी असमर्थता के कारण | 1 |
| | घ | घ | घ | • पिता के क्रोध से पूरे घर का प्रभावित होना/परेशान हो जाना | 1 |
| | | | | **अथवा** | |
| | क | क | क | • कवि और देश को;<br>• देश को शरीर के समान समझने के कारण | ½+½=1 |
| | ख | ख | ख | • शरीर, आत्मा और मन से | 1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | ग | ग | ग | • देश के अन्न, जल और वायु से पोषित होने के कारण | 1 |
| | घ | घ | घ | • शरीर, आत्मा और मन को कभी मिटने नहीं देगा | 1 |
| | | | | **खंड–ख** | |
| 3. | 3. | 3. | 3. | **किसी एक विषय पर अनुच्छेद अपेक्षित**<br>• विषय–वस्त 3<br>• प्रस्तुति और भाषा 2 | 5 |
| 4. | 4. | 4. | 4. | **पत्र लेखन**<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएं 1<br>• विषयवस्तु 3<br>• भाषा 1 | 5 |
| 5. | 5. | 5. | 5. | **किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 1x4=4 |
| | क | – | – | • संवाददाताओं के बीच उनकी योग्यता एवं रुचि के अनुसार कार्य का विभाजन | 1 |
| | ख | – | – | • छपे हुए शब्दों में स्थायित्व<br>• अपनी गति, समय एवं कहीं भी पढ़ने की सुविधा<br>• विश्वसनीयता<br>• संग्रह/संदर्भ हेतु उपयोगी | |

QB365 - Question Bank Software

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | • चिंतन/विचार/विश्लेषण का माध्यम<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | ½+½=1 |
| | ग | – | – | • रिपोर्टर से प्राप्त समाचारों को त्रुटिहीन बनाना<br>• समाचारों की प्रामाणिकता जाँचना<br>• महत्व के अनुसार समाचारों को स्थान देना<br>• समाचारों में संतुलन स्थापित करना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | ½+½=1 |
| | घ | – | – | • पत्रकार द्वारा छिपे हुए कैमरे के माध्यम से गैरकानूनी, असामाजिक और आपत्तिजनक गतिविधियों को प्रकाश में लाना | 1 |
| | ङ | – | – | इंटरनेट द्वारा त्वरित गति से समाचारों, सूचनाओं का प्रसारण | 1 |
| | – | 5. क | – | • पत्रकार द्वारा अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट भेजना जिनके लिए वह स्वयं जिम्मेदार और जवाबदेह होगा | 1 |
| | – | ख | – | • देश–विदेश की घटनाओं की शीघ्र जानकारी<br>• पढ़ने, सुनने और देखने की सुविधा<br>• समाचारों के साथ मनोरंजन भी<br>• दूर दराज के क्षेत्र में पहुँच<br>• घटनाओं को व्यापक परिदृश्य में दिखाना | ½+½=1 |



QB365 - Question Bank Software

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | (कोई दो बिंदु अपेक्षित, अन्य समुचित उत्तर भी स्वीकार्य) | |
| | – | ग | – | • समाचार प्रस्तोता, जो संवाददाता से मिली जानकारी को दृश्यों के बगैर बताए;<br>• दृश्यों की उपलब्धता न होने के कारण | ½+½=1 |
| | – | घ | – | • तथ्यों एवं घटनाओं की सटीक और सही जानकारी, अपने पूर्वाग्रहों से रहित होकर देना | 1 |
| | – | ङ | – | • सूचना देना<br>• शिक्षित करना<br>• विचार विमर्श करना<br>• ज्ञान और मनोरंजन<br>• ब्रेकिंग न्यूज़ द्वारा तत्काल समाचार देना<br>• कम समय में अधिक जानकारी<br>• निरक्षर लोगों तक समाचार पहुँचाना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | ½+½=1 |
| | – | – | 5. क | • फैशन, ग्लैमर, पार्टियों, महफिलों एवं प्रसिद्ध लोगों के निजी जीवन के विषय में की जाने वाली पत्रकारिता | 1 |
| | – | – | ख | • उपभोक्ताओं को गंभीर सूचनाओं के स्थान पर सतही मनोरंजन से बहलाना और अपनी | 1 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | ओर आकर्षित करना | |
| | – | – | ग | • समाज के विभिन्न मुद्दे (सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि) को उठाना<br>• जनसामान्य के हितों की आवाज उठाना और समाधान तलाशना<br>• सरकार और जनता के बीच की कड़ी<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | ½+½=1 |
| | – | – | घ | • किसी भी ऐसी घटना, विचार या समस्या की रिपोर्ट है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों की रुचि हो और जिसका अधिक से अधिक लोगों पर प्रभाव पड़ रहा हो | 1 |
| | – | – | ङ | • संपादक द्वारा किसी प्रमुख घटना और समस्या पर लिखा गया विचारात्मक लेख | 1 |
| 6. | 6. | 6. | 6. | **आलेख लेखन**<br>• विषय–वस्तु 2<br>• भाषा और प्रस्तुति 1<br>**अथवा**<br>**पुस्तक समीक्षा**<br>• विषय–वस्तु 2<br>• भाषा एवं प्रस्तुति 1 | 3<br><br><br><br>3 |

QB365 - Question Bank Software

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| 7. | 7. | 7. | 7. | **फीचर लेखन**<br>• विषय–वस्तु 2<br>• भाषा एवं प्रस्तुति 1 | 3 |
| | | | | **खंड – ग** | |
| 8. | 8. | 8. | 8. | **काव्यांश पर पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 2x3=6 |
| | क | क | क | • बच्चों द्वारा प्रतीक्षा करने के कारण<br>• बच्चे भूखे होंगे, इस कारण<br>• दिन ढलने के कारण घर पहुँचने की जल्दी<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • कविता में तुक एवं गेयता का प्रभाव<br>• समय की परिवर्तनशीलता<br>• सुखद क्षणों का शीघ्र बीतना<br>(कोई बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • घर में प्रतीक्षा करने वाले प्रियजन का न होने के कारण<br>• अकेलेपन के अनुभव के कारण | 1+1=2 |
| | | | | **अथवा** | |
| | क | क | क | • प्रिय की देन होने के कारण<br>• प्रिय की स्मृतियाँ जुड़ी होने के कारण | 2 |



QB365 - Question Bank Software

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | • कवि की हर परिस्थिति में प्रिय का साथ होने के कारण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख<br>. | • गरीबी की स्थिति में भी स्वाभिमान का भाव<br>• गरीबी बोझ नहीं मानकर कवि के अनुभवों की पूँजी | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • कवि के अनुभव, भावनाएँ, विचार, चिंतन<br>• व्यक्तित्व की दृढ़ता और अंतःकरण की भावनाएँ;<br>• कवि के स्वयं के भोगे अनुभव के कारण<br>• इन्हीं से कवि के व्यक्तित्व का निर्माण होने के कारण | 1+2=2 |
| 9. | | | | **किसी एक काव्यांश के प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 2+2=4 |
| | 9.<br>क | 9.<br>क | 9.<br>क | • राम के प्रति समर्पण का भाव और इस पर गर्व<br>• समाज एवं संसार की बातों की उपेक्षा<br>• प्रत्येक कार्य के लिए श्री राम पर आश्रित<br>• सभी धर्मों के प्रति उदारता और समरसता की भावना | 2 |
| | ख | ख | ख | • ब्रजभाषा<br>• मुहावरेदार भाषा<br>• उर्दू मिश्रित शब्दावली<br>(कोई दो विशेषताएँ अपेक्षित) | 1+1=2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | **अथवा** | |
| | क | क | क | • खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा<br>• शरद ऋतु के प्रारंभ का बच्चे के रूप में चित्रण ; अपनी नई साइकिल तेज चलाते हुए और घंटी बजाते हुए आना | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • वर्षा ऋतु के पश्चात् शरद ऋतु के खुशनुमा आगमन द्वारा<br>• मौसम साफ होने के कारण बच्चों के खेलकूद और उनकी प्रसन्नता की अभिव्यक्ति<br>• चमकीली कोमल धूप | 1+1=2 |
| 10. | | | | **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 3x2=6 |
| | 10. क | – | – | • अपाहिज व्यक्ति के प्रति करुणा की आड़ में चैनल द्वारा अपनी प्रसिद्धि प्राप्त करना<br>• अपाहिज व्यक्ति की भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए धन कमाना<br>• करुण दृश्यों को दिखाकर जनता की सहानुभूति हासिल करना | 1+1+1=3 |
| | ख | – | – | • खेत और कागज दोनों ही चौकोर<br>• खेती और कवि कर्म में समानता<br>• भावनात्मकता होकर कागज पर किसी अभिव्यक्ति को शब्दबद्ध करना<br>• जिस प्रकार खेत में बीज, जल और खाद डालते हैं उसी प्रकार कवि का कागज पर | 1+1+1=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | अपनी भावनाओं के बीज बोकर कल्पना और भाषा द्वारा रचना रूपी फसल उगाना<br><br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | |
| | ग | – | – | • नीला शंख – प्रातःकालीन आकाश<br>• काली सिल – अंधेरे से युक्त आसमान<br>• लाल केसर – उगते सूर्य की लालिमा<br>• स्लेट पर लाल खड़िया चौक का मलना (नमी युक्त वातावरण में उगते सूर्य की लाली)<br>• नीले जल में झिलमिलाती गोरी देह – नीले आकाश में उगता सूर्य<br><br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | घ | – | – | • वर्षा ऋतु के पश्चात् शरद ऋतु का आगमन<br>• आसमान खरगोश की आँखों के समान लालिमा से परिपूर्ण<br>• मौसम साफ और धूप चमकीली | 1+1+1=3 |
| | – | 10 क | – | • चिड़िया, फूल और बच्चे ;<br>• चिड़िया की उड़ान, फूल का खिलना और बच्चों का खेल<br>• चिड़िया की उड़ान की सीमा, फूल के | 1+2=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | खिलने की सीमा किंतु बच्चों के सपने असीमित | |
| | – | ख | – | • भोर का आकाश नीले शंख जैसा पवित्र – प्रातःकालीन क्रिया–कलापों का प्रारंभ<br>• चौका, सिल, स्लेट – खड़िया आदि उपमान ग्रामीण परिवेश की गतिशीलता को दर्शाते हैं<br>• तालाब में युवती के स्नान का चित्रण–ग्रामीण परिवेश का परिचायक | 3 |
| | – | ग | – | • व्यक्ति द्वारा पेट भरने के लिए अच्छे–बुरे अनेक प्रकार के कार्य करना<br>• नैतिक पतन होने के कारण बच्चों को भी बेच देना<br>• गरीबी, बेकारी, जाति–पाँति और छुआछूत का वर्णन | 1+1+1=3 |
| | – | घ | – | • उर्दू–फारसी युक्त बोल–चाल की साधारण भाषा का प्रयोग<br>• हिंदी भाषा के लोक प्रचलित रूप का वर्णन<br>• देशज शब्दों से युक्त सहज भाषा का प्रयोग;<br>(कोई दो विशेषताएँ अपेक्षित)<br>• उक्त उत्तर के पक्ष या विपक्ष में विद्यार्थी द्वारा कम–से–कम एक उपयुक्त तर्क अपेक्षित | 2+1=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | – | – | 10. क | • भाई के प्रति अत्यधिक प्रेम<br>• पत्नी से अधिक भाई को महत्व<br>• मूर्च्छित होने पर सामान्य मनुष्य जैसे विलाप<br>• उदाहरण – राम कहते हैं अगर वन में भाई से बिछड़ने के बारे में जानकारी होती तो पिता की आज्ञा की अवहेलना कर देते<br><br>(परीक्षार्थियों द्वारा दिए गए अन्य उदाहरण भी स्वीकार्य) | 3 |
| | – | – | ख | • गरबीली गरीबी – गरीब होते हुए भी स्वाभिमान ; गरीबी से हीनता या ग्लानि का बोध नहीं ;<br>• भीतर की सरिता – अंतःकरण की भावना ; कवि के मन की पवित्र भावनाओं का बोध<br>• ममता बादल – अपनत्व या स्नेह की भावना; जिस तरह बादल वर्षा से पृथ्वी को हरा–भरा कर देते हैं उसी प्रकार कवि का प्रिय के स्नेह से भीगना | 3 |
| | – | – | ग | • कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने हेतु हृदयहीनता का किसी भी सीमा तक जाना<br>• अपाहिज व्यक्ति की भावनाओं से खेलना<br>• दर्शकों की सहानुभूति बटोरना<br>• उल्टे–सीधे प्रश्न पूछकर स्वयं को शक्तिशाली साबित करना | 3 |
| | – | – | घ | • सरल, सहज और व्यावहारिक भाषा | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | • भाषा को जटिल और अलंकृत करने की कोशिश न करे<br>• भाषा यथार्थ से जुड़ी हुई हो ;<br>• भावों को प्रकट करने में असमर्थ<br>• संप्रेषण में जटिलता | 1+2=3 |
| | – | – | ङ | • हिंदी – बालक, रूपवती, दीपक आदि<br>• उर्दू – शब, नाजुक, ज़र्रा–ज़र्रा आदि<br>• लोक भाषा – लोका देना, ज़िदयाया, ठुनकना आदि<br>• विभिन्न शब्दों के प्रयोग से भाषा सहज और आकर्षक बन पड़ी है | 1+1+1=3 |
| 11. | 11. | 11. | 11. | **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 2+2=4 |
| | क | क | क | • बाज़ार का आकर्षण दिखाई न दे ; बाज़ार के लुभाने वाले स्वरूप से बचने के लिए | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • लोभ को नकारना उचित नहीं, बल्कि उसे बढ़ावा देना<br>• आँखें बंद करने से इच्छाओं का खत्म न होना | 1+2=2 |
| | ग | ग | ग | • मन का संकीर्ण हो जाना | 2 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | • लालच और आकर्षण से लड़ने और उस पर विजय पाने की शक्ति न रहना<br><br>**अथवा** | |
| | क | क | क | • हास्य फिल्मों के महान अभिनेता और निर्देशक ;<br>• पागलखाने के मरीज से लेकर आईंस्टाइन जैसे महान प्रतिभा संपन्न व्यक्तियों द्वारा इनकी फिल्में देखना | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • किसी एक वर्ग, जाति, समूह वर्ण के लिए नहीं ; विश्व के सभी वर्ग के लोगों के लिए उनकी फिल्में | 2 |
| | ग | ग | ग | • प्रभुत्व संपन्न लोगों द्वारा समानता न चाहना<br>• संपन्न लोगों की एकाधिकार की भावना के कारण | 1+1=2 |
| 12. | | | | **चार प्रश्नों के उत्तर–** | 10 |
| | 12. क | – | – | • अच्छी–बुरी स्थिति में समान भाव से रहना<br>• फक्कड़पन<br>• सर्दी–गर्मी में एक समान<br>• दूसरों के लिए छाया बनना | 1+1+1=3 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | ख | – | – | (कोई तीन बिंदु अपेक्षित)<br>• धैर्य, साहस और स्फूर्ति की भावना<br>• चुनौतियों का सामना करने का साहस<br>• बीमार लोगों के लिए संजीवनी का कार्य<br>• मृत्यु को हँसकर स्वीकार करना | 1+1+1=3 |
| | ग | – | – | (कोई तीन बिंदु अपेक्षित)<br>• जाति प्रथा द्वारा श्रमिकों का अस्वाभाविक विभाजन<br>• व्यक्तिगत रुचि, क्षमता पर आधारित नहीं<br>• जन्म के आधार पर पेशे का निर्धारण अनुचित | 1+1+1=3 |
| | घ | – | – | • भारत में नमक लाना नियम के विरुद्ध | 1 |
| | – | 12. क | – | • महात्मा गांधी ;<br>• शिरीष के समान बाहर से कठोर और भीतर से कोमल<br>• शिरीष बाह्य परिवर्तन/विरोधी परिस्थितियों में स्थिर, उसी प्रकार गांधी भी मार–काट, लूट–पाट के माहौल के बीच स्थिर चित्त | 1+2=3 |
| | – | ख | – | • समाज के सभी सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त करने के लिए समानता का व्यवहार अपेक्षित | |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | • क्षमता के विकास के लिए समान व्यवहार अपेक्षित<br>• समाज के समय के साथ आने वाले परिवर्तनों का लाभ सभी वर्गों को मिले | 1+1+1=3 |
| | – | ग | – | • अब भी अपनी जन्मभूमि के प्रति लगाव और भावनात्मक जुड़ाव<br>• अपनी जन्मभूमि की यादें न छूटना<br>• संवेदनाओं में परस्पर समानता | 1+1+1=3 |
| | – | घ | – | • त्याग के द्वारा फल–प्राप्ति<br>• पानी के अर्घ्य द्वारा ही वर्षा–जल की प्राप्ति<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1 |
| | – | – | 12. क | • महान सेविका<br>• समझदार<br>• परिश्रमी<br>• साहसी<br>• तार्किक<br>• दयालु<br>• कर्तव्यनिष्ठ<br>(कोई तीन विशेषताएँ सोदाहरण अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | – | – | ख | बाज़ार का आकर्षण ; | |

QB365 - Question Bank Software

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | • मानसिक संतुष्टि<br>• आवश्यकतानुसार सामान की खरीददारी<br>• क्रय शक्ति के प्रदर्शन से बचाव<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | — | — | ग | • धैर्य, साहस और स्फूर्ति की भावना भरकर<br>• बीमारी का मुकाबला करने की प्रेरणा देकर ;<br>मरने पर चित नहीं पेट के बल लिटाना ; चिता सुलगाने पर ढोलक बजाना | 2+1=3 |
| | — | — | घ | • राजकपूर द्वारा बनाई गई फिल्म 'आवारा' | 1 |
| 13. | 13. | — | — | • परंपरावादी होने के कारण विचारों का टकराव<br>• बच्चों की रहन–सहन जीवन–शैली से असंतुष्ट<br>• रूढ़िवादी होने के कारण परिवार के सदस्यों की वेशभूषा और बनाव–श्रृंगार आदि नापसंद<br>• अत्यधिक आदर्शवादी होने के कारण उपहास का पात्र बनना<br>**अथवा**<br>• सुनियोजित नगर व्यवस्था<br>• सुव्यवस्थित जल निकासी | 1+1+1+1 |



QB365 - Question Bank Software

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | – | 13. | – | • मुख्य सड़कें चौड़ी ; गलियाँ संकरी<br>• घर के दरवाज़े मुख्य सड़क पर नहीं<br>• पक्की ईंटों का प्रयोग<br>• भंडार–गृह की सुविधा<br>(कोई चार बिंदु उदाहरण सहित अपेक्षित)<br><br>• रहन–सहन में संपन्नता एवं सुव्यवस्था<br>• साफ–सफाई का ध्यान<br>• धातु एवं पत्थरों की मूर्तियों पर कलाकारी<br>• खिलौने, मोहरें एवं आभूषणों पर चित्रित तस्वीरें<br>• दरियों पर कसीदाकारी<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित)<br><br>**अथवा**<br><br>• अधीनस्थों से दूरी परंतु हल्का हास–परिहास<br>• कार्यालय में समय से अधिक बैठना<br>• अधिकारी के प्रति सम्मान की अपेक्षा<br>• अनुशासन प्रिय | 1+1+1+1<br><br>1+1+1+1<br><br>1+1+1+1 |
| | – | – | 13. | • मुक्त उत्तर<br>(परीक्षार्थियों द्वारा पक्ष या विपक्ष में दिए गए उपयुक्त तर्क स्वीकार्य) | 4 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | | | | **अथवा**<br>• एक–दूसरे के प्रति किशोरावस्था का आकर्षण<br>• भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं<br>**पीटर के बारे में–**<br>• सहनशील, शांति प्रिय और आत्मीय<br>• परिस्थितयों के कारण प्यार की अभिव्यक्ति नहीं<br>• धैर्यवान<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2+2=4 |
| 14. | 14.<br>क | 14.<br>क | 14.<br>क | **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर–**<br>• पिता से वैचारिक मतभेद फिर भी शिक्षा प्राप्ति हेतु संघर्ष<br>• बच्चों द्वारा कक्षा में परेशान करने पर भी दृढ़ता और साहस का परिचय<br>• शिक्षा के साथ खेती–बाड़ी भी<br>• काव्य–सृजन के लिए प्रतिकूल परिस्थिति होने पर भी जंगल के एकांत का लाभ उठाना<br>• समय का सदुपयोग<br>• आत्मविश्वास<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | 4x2=8<br><br>4 |

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/3/1 | 2/3/2 | 2/3/3 | | |
| | ख | ख | ख | • पुरुषों के समान अधिकार<br>• संतानोत्पत्ति तय करने का अधिकार स्त्री को मिले<br>• सम्मान से जीने का अधिकार ;<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>वर्तमान समय में सुधार संबंधी तर्कसंगत उत्तर स्वीकार्य | 2+2=4 |
| | ग | ग | ग | • यशोधर बाबू के न चाहने पर भी बच्चों द्वारा सिल्वर वैडिंग मनाना<br>• सरकारी नौकरी पर अधिक बल देने के बावजूद बच्चों का प्राइवेट नौकरी करना<br>• बेटी के विवाह की इच्छा परंतु उसका आगे पढ़ना<br>• सेवानिवृत्ति पर गाँव वापसी किंतु बच्चों का दिल्ली की सुख–सुविधाओं को न त्यागना<br>• दिखावे की प्रवृत्ति का विरोध, बच्चों को दिखावा पसंद<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | 4 |
| | घ | घ | घ | • मिट्टी, तांबे से बने बर्तन<br>• दो पाटों वाली चक्की, मिट्टी की बैलगाड़ी<br>• कंघी, आभूषण, मनकों वाले हार, सोने के कंगन, तांबे के आईने<br>• धातु और पत्थर की मूर्तियाँ<br>• दरियाँ | 4 |

QB365 QUESTION BANK 365